सियालदह-सीतामढ़ी-सियालदह स्पेशल ट्रेन

आगामी छठ पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए 03143/03144 सियालदह-सीतामढ़ी-सियालदह स्पेशल ट्रेन का परिचालन निम्नलिखित समय सारणी, ठहराव, परिचालन तिथियों एवं कोच संरचना के अनुसार किया जाएगा।

सियालदह–सीतामढ़ी		(03143) (03144) स्टेशन	सीतामढ़ी – सियालदह		
दिन	आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान	दिन
शुक्रवार		23:50	↓ सियालदह	12:25		
	01:50	01:52	बड़ेमान	08:56	08:58	
	03:55	03:56	आसनसोल	06:45	06:50	शुक्रवार
	04:19	04:20	मधुपुर	04:36	04:38	
	11:25	11:30	समस्तीपुर	21:05	21:10	
	12:10	12:15	दरभंगा	19:15	19:20	शुक्रवार
	15:30	—	सीतामढ़ी ↑	—	17:00	

उपर्युक्त विशेष ट्रेनें रास्ते में दोनों दिशाओं में नैहाटी, बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, दलसिंह सराय, समस्तीपुर और जनकपुर रोड स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● चलने की तारीखें और दिन: सियालदह से: 03143, 11.11 और 18.11.2026 (बुधवार) को - 02 फेरे; और सीतामढ़ी से: 03144, 12.11 और 19.11.2026 (गुरुवार) को - 02 फेरे। ● संरचना: एसी 3-टियर: 04, स्लीपर क्लास: 10, जनरल सेकंड क्लास (जीएस): 06, SLRD: 02 - कुल 22 कोच। ● श्रेणी: रेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें फॉलो करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

जिलाधिकारी ने की राजस्व विभागों की समीक्षा बैठक

सासाराम (आससे)। समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में डीएम दीपक कुमार मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अभियान बसेरा, ऑनलाइन दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, लंबित परिमार्जन एवं छूटे हुए जमाबंदी अभिलेखों से संबंधित मामले, ई-मापी तथा अतिक्रमण से जुड़े मामलों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।



अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी राजस्व संबंधी मामलों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रशासन से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। अभियान बसेरा के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को भूमि उपलब्ध कराने से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लंबित मामलों का नियमानुसार निष्पादन किया। दाखिल-खारिज के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज से संबंधित मामलों में अनावश्यक लंबितता स्वीकार्य नहीं है। सभी अधिकारी नियमित रूप से लंबित आवेदनों की समीक्षा करें तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। परिमार्जन प्लस तथा परिमार्जन से संबंधित लंबित एवं छूटे हुए मामलों की समीक्षा के दौरान अभिलेखों के अद्यतन एवं सुधार से जुड़े आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों की नियमित निगरानी की जाए तथा त्रुटिपूर्ण या अपूर्ण अभिलेखों से संबंधित मामलों में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनका निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

मापी से संबंधित लंबित आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निष्पादन करने का निर्देश दिया।

अतिक्रमण से संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व विभाग से जुड़े सभी कार्यों की नियमित समीक्षा करें और लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं। पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में राजस्व कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखने तथा लंबित मामलों का निष्पादन त्वरित करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी अनुमंडल पदाधिकारी भूमि सुधार उप समाहर्ता सभी सीओ सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।



चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

भभुआ/कैमूर (आससे)। भभुआ थाना की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों को गुरुवार को भभुआ स्थित सुअरा नदी के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

इस संबंध में भभुआ थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार युवकों की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के बेतरी गांव निवासी अनिल कुमार पटेल के 19 वर्षीय पुत्र ब्रजेश पटेल तथा चांद थाना क्षेत्र के किलनी गांव निवासी प्रमोद कुमार के 18 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष के अनुसार, पुलिस ने दोनों से बाइक के दस्तावेज मांगे, लेकिन प्रस्तुत कागजात संतोषजनक नहीं पाए गए। जांच में बाइक चोरी की पाई गई।

पूर्व मध्य रेल

ई—निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/गाईघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा संख्या: एस एण्ड टी-सी-155 आर

कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल में सीतामढ़ी, रिंग, सबस्टेशन और गवर्नर/मैकानल स्टेशनों पर वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (इनर्शिया और सॉलिड-कोर) (एक रीइलाइनमेंट + दो एंड कवरेज) का निशान, वैगनुकेवरिंग, साइड इंटरलॉकिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, सहित से टेलीकॉम का काम। अनुमानित लागत : रु. 82,28,85,040.01, संकलन राशि : रु. 1,64,57,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : गैर-वापसी योग्य, कार्य निष्पादित करने का समय: 24 महीने, ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का संभावित दिन एवं समय: 14.11.2026 को 13.00 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं संलग्न पारदर्शी रेल की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।

सभी सूचना संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल, गाईघाट, पटना

पीआर/130/वीएस/एस/सलखत/ई एम वी/वी/26 27/32

पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में एनडीए की ऐतिहासिक जीत, जदयू प्रखंड कमेटी ने दी बधाई

दाउदनगर (औरंगाबाद) (आससे)। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार सहित एनडीए के सभी विजयी प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत पर जदयू प्रखंड कमेटी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल और प्रखंड प्रवक्ता पप्पू गुप्ता ने संयुक्त बयान में कहा कि यह जीत पूर्व मुख्यमंत्री और विकास पुरुष नीतीश कुमार के पिछले 20 वर्षों के विकास कार्यों पर जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है। 20 वर्षों के दौरान युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, सड़क, स्वास्थ्य और विद्युत क्षेत्र सहित तमाम क्षेत्रों में हुए कार्यों के प्रति मतदाताओं में एनडीए के पक्ष में खासा उत्साह देखने को मिला।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार की जोड़ी पर मतदाताओं ने भरोसा जताया है। यह जीत बिहार के निरंतर विकास को और गति देगी। बधाई देने वालों में जदयू नेता संजय पटेल, तरार मुखिया शशि भूषण सिंह, वार्ड पार्षद सिमन कुमारी, प्रीतम चंद्रवंशी, आशुतोष पटेल, नगर जदयू अध्यक्ष प्रशांत कुमार तांती, शशि कुमार, रंजीत पांडे, संतोष कुमार, इनामुल हक, मंगल चंद्रवंशी, कौशल दुबे, दीनदयाल पटेल सहित कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

एनटीपीसी नबीनगर की मेगा क्विज में चमके ग्रामीण प्रतिभागी

नबीनगर, औरंगाबाद (बिहार)। एनटीपीसी नबीनगर दद्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पाँच ग्रामीण उच्च विद्यालयों में मेगा क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में 350 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना, उनके ज्ञान का विस्तार करना तथा विभिन्न समसामयिक एवं सामाजिक विषयों के प्रति उनकी जागरूकता को बढ़ाना था। प्रतियोगिता का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रारंभिक चरण में विद्यार्थियों ने लिखित एवं प्रश्नोतरी आधारित प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसके उपरांत प्रत्येक विद्यालय से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली शीर्ष पाँच टीमों का चयन अंतिम चरण के लिए किया गया। प्रत्येक विद्यालय में चयनित शीर्ष पाँच टीमों के बीच अंतिम चरण के रूप में स्पॉट इंटरैक्टिव क्विज़ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान, त्वरित निर्णय क्षमता एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंतिम चरण के आधार पर प्रत्येक विद्यालय के विजेताओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता को विद्यार्थियों के लिए यादगार बनाने हेतु सभी प्रतिभागियों को सहभागिता पुरस्कार प्रदान किए गए। इस पहल ने विद्यार्थियों को न केवल प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण उपलब्ध कराया, बल्कि उन्हें सीखने एवं अपने जान को परखने का एक सार्थक अवसर भी प्रदान किया।

सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं सतर्कता के महत्व पर आधारित नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। मनोरंजन एवं सूचना के प्रभावी समन्वय के माध्यम से प्रस्तुत इन नुक्कड़ नाटकों ने विद्यार्थियों को ईमानदारी, पारदर्शिता एवं नैतिक मूल्यों के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा भी ग्रहण की गई। प्रतिभागियों ने अपने जीवन में ईमानदारी, नैतिकता एवं पारदर्शिता के मूल्यों को अपनाने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने का संकल्प लिया।



ज्वेलर्स लूट की घटना के बाद एसपी ने कोचस थाना के दारोगा समेत तीन पुलिसकर्मी को किया निलंबित

डिहरी ऑन सोन (आससे)। रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के न्यू कंचन ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हुई लूट की घटना के बाद रोहतास एसपी मिस्टर राज ने बड़ी कार्रवाई की है। कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही बरतने के आरोप में गश्ती दल में तैनात एक पुलिस पदाधिकारी समेत तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है। रोहतास पुलिस के अनुसार, 27 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब 1:55 बजे कोचस थाना क्षेत्र स्थित न्यू कंचन ज्वेलर्स में चार अज्ञात अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए थे। घटना के समय कोचस थाना का दिवा गश्ती दल क्षेत्र में तैनात था। इसके बावजूद अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने इसे गश्ती दल में तैनात कर्मियों की ओर से कर्तव्य निर्वहन में घोर लापरवाही माना है। निलंबित पुलिसकर्मियों में पुलिस अवर निरीक्षक बुधन सिंह चम्पीया, सिपाही सोनू कुमार और महिला सिपाही संगीता कुमारी शामिल हैं। रोहतास पुलिस ने तीनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए निलंबन अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देने का आदेश दिया है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

गेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोगी **दीपक**, पुत्र महेश कुमार, पता: गांव मोनेसाय, जिला मुजफ्फरपुर, बिहार **Case Reg No. 2552/19, FIR No: 94/19, U/s: 379/411/427 IPC,** थाना **सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक**, मिल नहीं रहा है और मुझे सामान्यतया रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक**, फरार हो गया है (या उसने वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रखा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **दीपक, Case Reg No. 2552/19, FIR No: 94/19, U/s: 379/411/427 IPC,** थाना: **सुभाष प्लेस, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
उपासना सतीजा
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, उत्तर-पश्चिम जिला
कमरा नंबर 108
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15544/NWI/2026
(Court Matter)

अमझोर में झाड़ी से अज्ञात युवती का शव बरामद

डालमियानगर रोहतास आससे। अमझोर थाना अंतर्गत रामडीहरा-तुतला भवानी रोड के समीप पहाड़ी के पास झाड़ी में एक अज्ञात युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की सूचना वन विभाग के कर्मी ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही अमझोर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर इलाके को सुरक्षित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को बुलाया गया। एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य संकलित किए।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। युवती की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। अग्रतर अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने पूछताछ के लिए एक महिला को थाना लाया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। युवती की मौत हत्या है या अन्य कारण, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

करंट से युवक की गयी जान

डालमियानगर रोहतास आससे। जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के टेकारी के पोरा के निकट करेंट प्रवाहित बिजली-तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। परिवार में पसरा सन्नाटा। मृतक का नाम विकास बिन्द था जो सबराबाद गाँव निवासी चन्द्रमा बिन्द का पुत्र था।

पूर्व मध्य रेल

ई—निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/गाईघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

ई-निविदा संख्या: एस एण्ड टी-सी-155 आर

कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल में सीतामढ़ी, रिंग, सबस्टेशन और गवर्नर/मैकानल स्टेशनों पर वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (इनर्शिया और सॉलिड-कोर) (एक रीइलाइनमेंट + दो एंड कवरेज) का निशान, वैगनुकेवरिंग, साइड इंटरलॉकिंग, टेस्टिंग और कमीशनिंग, सहित से टेलीकॉम का काम। अनुमानित लागत : रु. 82,28,85,040.01, संकलन राशि : रु. 1,64,57,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : गैर-वापसी योग्य, कार्य निष्पादित करने का समय: 24 महीने, ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का संभावित दिन एवं समय: 14.11.2026 को 13.00 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं संलग्न पारदर्शी रेल की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।

सभी सूचना संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल, गाईघाट, पटना

पीआर/130/वीएस/एस/सलखत/ई एम वी/वी/26 27/32

पूर्व मध्य रेल

ऑन लाईन ई-निविदा (खुली) सूचना

निविदा आमंत्रित सूचना संख्या ईएल/50/दानापुर/खुली/28/2026-27 मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन लोगों से जिनके पास वैध विद्युत लाइसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया है और जो निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा संख्या : ईएल/50/दानापुर/खुली/28/2026-27. कार्य सं० 1 कार्य का नाम : पालीगुंज रेल परिसर, दीघा में अधिकारियों के फ्लैट (ब्लॉक-A और B G+7 इमारत), ब्लॉक-C (G+5 इमारत) PHOD के 15 बंगलो, GM का बंगला, सर्कल्स ऑफिस, अस्पताल की इमारत, ORH, ऑफिसर्स क्लब और अन्य क्षेत्रों में मौजूद सभी प्रकार की विद्युत संयंत्रों की मरम्मत रखरखाव और उनके संचालन (मैनिंग) का कार्य 03 वर्षों के लिए किया जाना है। कार्य सं० 2 अनुमानित लागत : रु. 2,01,17,783.15/-, कार्य सं० 3 अग्रधन राशि : रु. 5,02,400/-, कार्य सं० 4 निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : 18.11.2026 को 12.00 बजे तक निर्धारित है। कार्य सं० 5 उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाईट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय, किरा वेबसाईट http://www.ireps.gov.in दरीय मंडल विद्युत इंजीनियर/सा./का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। नोट : (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि पत्रवली में जो छुट्टि-पत्र उपरोक्त गैरहाजिर पर 15 दिन पहले तक आयोजित होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०),
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/120/डीएलएस/वि/दी/26-27/32

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD
I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING
(UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/17 Dated 28.10.2026

Notice regarding Extended Online Counselling Programme for Stray Vacancy Round

In continuation to Adv. No. BCECEB(UGMAC) 2026/16 dated 22.10.2026, it is informed to all eligible & interested NEET(UG) 2026 qualified candidates and all concerned that Provisional Seat Allotment Result for Stray Vacancy Round Counselling of UGMAC-2026 has been published on Board's website.

The counselling programme for Stray Vacancy Round Counselling is hereby Re-scheduled as follows;

Sl.	Programme	Re-scheduled Date
i.	Stray Vacancy Round Provisional Seat Allotment Result publication date	: 28.10.2026
ii	Downloading of Allotment order	: 28.10.2026 to 31.10.2026
iii.	Documents Verification and Admission (Stray Vacancy Round)	: 29.10.2026 to 31.10.2026

2. Rest of the terms / conditions of Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/14 Dated 18.10.2026 and 2026/16 dated 22.10.2026 will remain the same.

Controller of Examination

